इस प्रश्न–पत्र में 51 प्रश्न तथा 16 मुद्रित पृष्ठ है।

अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |

**कोड संख्या 71/S/213**

**सेट – A1**

# सामाजिक विज्ञान
# (213-H)

**परीक्षा का दिन व दिनांक** ____________________

**निरीक्षकों के हस्ताक्षर** 1. ____________________

2. ____________________

**सामान्य अनुदेश :**

1. परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न–पत्र को जाँच लें कि प्रश्न–पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) अथवा (D) में से कोई **एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर–पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखिए।
4. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ–साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा।
5. उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।
6. प्रश्न–पत्र में किसी भी प्रकार के संदेह अथवा दुविधा की स्थिति में अंग्रेजी अनुवाद ही मान्य होगा।
7. अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्नपत्र की कोड संख्या **71/S/213, सेट–A1** लिखें।
8. (क) प्रश्न–पत्र केवल अंग्रेजी/हिंदी माध्यम में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी **एक** भाषा में उत्तर दे सकते हैं :
   अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी।
   कृपया उत्तर–पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।
   (ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों / गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

# सामाजिक विज्ञान
# (213-H)

समय : **3** घण्टे] [पूर्णांक : **100**

**निर्देश :**

(i) इस प्रश्न–पत्र में कुल **51** प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) **सभी** प्रश्नों के अंक उनके साथ दिये गये हैं।

(iv) **खण्ड – अ** के प्रश्न इस प्रकार हैं :

(a) **प्र.सं. 1** से **20** तक – **1** अंक वाले बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। इन प्रश्नों में दिये गये चार विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प को चुनें तथा लिखें।

(b) **प्र.सं. 21** से **35** तक – **2** अंक वाले वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं। (इनमें से कुछ प्रश्नों में प्रत्येक **1** अंक के **2** उप–भागों और प्रत्येक ½ अंक के **4** उप–भागों के साथ)। इन प्रश्नों का उत्तर प्रश्नों के साथ दिये गये निर्देशों के अनुसार दीजिये।

**खण्ड – ब** के प्रश्न इस प्रकार हैं :

(c) **प्र.सं. 36** से **41** तक – **2** अंक वाले अति–लघूउत्तरीय प्रकार के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **30** से **50** शब्दों में दीजिये। इन प्रश्नों का उत्तर प्रश्नों के साथ दिये गये निर्देशों के अनुसार दें।

(d) **प्र.सं. 42** से **47** तक – **3** अंक वाले लघूउत्तरीय प्रकार के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **50** से **80** शब्दों में दीजिए।

(e) **प्र.सं. 48** एवं **49** – कौशल (मानचित्र) पर आधारित **4** अंक वाले प्रश्न हैं। (दृष्टिबाधित छात्रों हेतु मानचित्र पर आधारित प्रश्नों के स्थान पर वैकल्पिक प्रश्न दिये गये हैं।)

(f) **प्र.सं. 50** एवं **51** – **6** अंक वाले दीर्घोत्तरीय प्रकार के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** से **120** शब्दों में दें।

---

**सामान्य अनुदेश :**

(1) सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गयी उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न–पत्र का वितरण दोपहर में 02.15 बजे किया जाएगा। 02.15 बजे से 02.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

## खण्ड – अ

1 धर्म सुधार का सबसे अच्छा वर्णन किस प्रकार किया जा सकता है? 1

(A) चर्च के नियमित कार्यक्रमों द्वारा
(B) किसी शांतिपूर्ण धार्मिक बैठक द्वारा
(C) धार्मिक पुनरुत्थान की ओर ले जाने वाले एक प्रमुख मोड़ द्वारा
(D) शासकों के बीच एक राजनीतिक समझौते द्वारा

2 फासीवाद मुख्यतः उच्च वर्ग के अभिजात और पूंजीपतियों द्वारा समर्पित था क्योंकि : 1

(A) इसने समानता और समाजवाद को बढ़ावा दिया
(B) इसने समाजवाद के खतरे से बचाने का वादा किया
(C) इसने श्रमिकों और किसानों को मताधिकार प्रदान किया।
(D) इसने अंतर्राष्ट्रीय शांति और निरस्त्रीकरण को प्रोत्साहित किया।

3 वर्ष 1498 में वास्को–डी–गामा द्वारा भारत के लिए समुद्री मार्ग खोजने का मुख्य परिणाम क्या था? 1

(A) अंग्रेज़, फ्रांसीसी, पुर्तगाली और डच जैसी यूरोपीय शक्तियाँ व्यापार और मिशनरी कार्य के लिए भारत आई।
(B) मसालों के लिए डच भारत में आए।
(C) भारत एक पुर्तगाली उपनिवेश बन गया।
(D) वास्को–डी–गामा ने पुर्तगालियों के लिए भारत पर शासन किया।

4 18वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में किन दो नेताओं ने मैसूर साम्राज्य को मज़बूत किया और ब्रिटिश सत्ता को चुनौती दी? 1

(A) मीर कासिम और सिराजुदौला (B) हैदर अली और टीपू सुलतान
(C) नाना फड़नवीस और बाजीराव द्वितीय (D) डुपले और ला–बॉर्डोनिस

5 निम्नलिखित में से कौन–सा कथन भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के विरूद्ध प्रतिरोध आंदोलनों के सामान्य उद्देश्य को स्पष्ट करता है? 1

(A) आधुनिक ब्रिटिश शिक्षा और जीवन–शैली को अपनाने की इच्छा
(B) ब्रिटिश प्रशासनिक सुधारों का समर्थन करने का इरादा
(C) धन–ऋणदाताओं और व्यापारियों के साथ सहयोग करने की इच्छा
(D) पारंपरिक प्रणालियों को बहाल करना और बाहरी हस्तक्षेप का विरोध करना

6 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना के बारे में निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सही **नहीं** है? 1

(A) इसकी स्थापना वर्ष 1885 में एक सेवानिवृत्त ब्रिटिश अधिकारी ह्यूम द्वारा की गई थी।
(B) ह्यूम का उद्देश्य भारतीय राजनीतिक आकांक्षाओं के लिए एक संवैधानिक मंच प्रदान करना था।
(C) कांग्रेस का गठन एक जन विद्रोह और जन आंदोलन के माध्यम से हुआ।
(D) प्रारम्भ में कांग्रेस नेताओं को ब्रिटिश सरकार की न्याय की भावना पर विश्वास था।

7 भारत में जल संचयन और नदी संरक्षण के प्रयासों के बारे में निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सत्य **नहीं** है? 1

(A) जल संचयन से नदी घाटियों में मानसून के पानी को बनाए रखने में सहायता मिलती है।

(B) जन–आंदोलनों ने जल–संबंधी मुद्दों में कोई रूचि नहीं दिखाई।


(C) नागरिक संगठन प्रदूषित नदियों के बारे में जागरूकता फैला रहे हैं।

(D) भारत में नदियों की गंभीर स्थिति को लेकर चिंता बढ़ रही है।

8 भारत के दिए गए रेखा मानचित्र पर, बिंदु A पर चिह्नित पर्वत शिखर की पहचान कीजिए। 1

(A) मकालू (B) त्रिशूल

(C) कंचनजंगा (D) अन्नपूर्णा




**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 8 के स्थान पर हैं :**

निम्नलिखित में से कौन–सी पर्वत चोटी नेपाल–तिब्बत सीमा पर स्थित है और उत्तर–पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों से दिखाई देती है। 1


(A) मकालू (B) त्रिशूल

(C) कंचनजंगा (D) अन्नपूर्णा

9 भारत के रेखा मानचित्र पर बिंदु R पर चिह्नित नदी की पहचान कीजिए। **1**

(A) गंगा (B) यमुना

(C) गोदावरी (D) कावेरी




**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 9 के स्थान पर हैं :**

निम्नलिखित में से कौन–सी नदी मेट्टूर बाँध से जुड़ी है और दक्षिण भारत में चावल की व्यापक खेती में सहायक है। **1**

(A) कृष्णा (B) कावेरी

(C) यमुना (D) तापी

**10** भारत के दिए गए रेखा मानचित्र में A से चिह्नित पहाड़ी की पहचान कीजिए। **1**

(A) सतमाला पहाड़ी (B) अन्नामलाई पहाड़ी

(C) कारडामोम पहाड़ी (D) पटकोई पहाड़ी




**नोट :** **निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 10 के स्थान पर हैं :**


निम्नलिखित में से कौन–सी पहाड़ी श्रृँखला महाराष्ट्र में स्थित है और पश्चिमी घाट का हिस्सा है? **1**

(A) सतमाला पहाड़ी (B) अन्नामलाई पहाड़ी

(C) कारडामोम पहाड़ी (D) पटकोई पहाड़ी

**11** दिए गए मानचित्र पर M से चिह्नित पर्वत शृँखला पश्चिमी भारत में स्थित है। इस पर्वत शृँखला की पहचान कीजिए। **1**

(A) गिर शृँखला
(B) सतपुड़ा शृँखला
(C) राजमहल शृँखला
(D) अजन्ता शृँखला




**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 11 के स्थान पर हैं :**

निम्नलिखित में से कौन–सी पर्वत शृँखला पश्चिमी भारत में स्थित है और एशियाई शेरों का आवास है। **1**

(A) गिर शृँखला
(B) सतपुड़ा शृँखला
(C) राजमहल शृँखला
(D) अजन्ता शृँखला

**12** भारत में राज्य स्तर पर कार्यकारी शक्तियों का वास्तविक प्रयोग कौन करता है? **1**

(A) राष्ट्रपति
(B) गवर्नर (राज्यपाल)
(C) मुख्यमंत्री
(D) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

**13** भारत में न्यायिक सक्रियता के प्रति जनता के समर्थन का प्राथमिक कारण निम्नलिखित में से कौन–सा है? **1**

(A) यह सरकार के हितों की रक्षा करता है।
(B) यह वंचितों के लिए न्याय तक पहुँच सुनिश्चित करता है।
(C) यह न्याय प्रदान करने में देरी करता है।
(D) यह न्यायपालिका की शक्तियों को सीमित करता है।

**14** भारत में दो या दो से अधिक राज्यों के बीच के विवाद सर्वोच्च न्यायालय के किस क्षेत्राधिकार में आते हैं? **1**

(A) अपीलीय क्षेत्राधिकार
(B) मन्त्रणा संबंधी क्षेत्राधिकार
(C) न्यायायिक पुनरावलोकन
(D) मूल क्षेत्राधिकार

**15** लोकतंत्र के संचालन के लिए राजनीतिक दल क्यों अनिवार्य हैं? **1**

(A) वे न्यायपालिका को नियंत्रित करते हैं।
(B) वे पुलिस के माध्यम से कानून लागू करते हैं।
(C) वे सरकार और जनता के बीच कड़ी का काम करते हैं।
(D) वे नागरिकों को चुनाव लड़ने से रोकते हैं।

**16** 73वें और 74वें संविधान संशोधन के बारे में निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सही **नहीं** है? **1**

(A) उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं और नगर पालिकाओं को समाप्त कर दिया।
(B) वे सन् 1993 में पारित किए गए थे।
(C) यह महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
(D) यह स्थानीय स्वशासी निकायों में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करते हैं।

**17** भारतीय लोकतंत्र के संदर्भ में जाति–व्यवस्था द्वारा उत्पन्न चुनौतियों के बारे में निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सही है? **1**

(A) जाति व्यवस्था समानता और न्याय को बढ़ावा देकर लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में मदद करती है।
(B) हाल ही के दिनों में, जाति और राजनीति के मिश्रण ने सामाजिक–आर्थिक असमानताओं को कम करने में मदद की है।
(C) जाति के राजनीतिकरण और निरंतर सामाजिक–आर्थिक असमानताएं लोकतंत्र के आदर्शों में बाधक होती हैं।
(D) जाति आधारित प्रथाओं का भारत के लोकतंत्र की कार्यप्रणाली पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

**18** सामाजिक–आर्थिक विकास की सही समझ क्या हो सकती है? नीचे दिए कोड़ (कूट) से अपना सही उत्तर चुनिए – **1**

I. यह बेहतर शिक्षा, आय, कौशल और रोजगार के माध्यम से लोगों की जीवन–शैली में सुधार को संदर्भित करता है।

II. इसमें सांस्कृतिक और पर्यावरणीय कारकों पर आधारित आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन शामिल हैं।

III. इसका संबंध साहित्य और भाषा में किसी भी प्रकार के सुधार से है।

IV. इसमें केवल वैज्ञानिक और तकनीकी विकास ही शामिल है।

कोड़ः

(A) केवल I (B) I और II

(C) I, II और III (D) I, II, III और IV

**19** पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों ने अन्य राज्यों की तुलना में उच्च कृषि उत्पादकता कैसे हासिल की है? **1**

(A) भारत में सबसे अधिक वर्षा यहीं होती है।

(B) यहाँ व्यापक सिंचाई व्यवस्था अपनाई गई और उर्वरकों का भरपूर प्रयोग किया करते हैं।

(C) यहाँ पारंपरिक कृषि पद्धतियों का पालन किया गया।

(D) यहाँ केवल नकदी फसलें ही उगाई जाती हैं।

**20** राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों में शांति और सुरक्षा को शामिल करना क्या दर्शाता है? **1**

(A) यह केवल ऐतिहासिक संदर्भ हैं।

(B) यह कानूनी तौर पर लागू करने योग्य अधिकार हैं।

(C) राज्य को कानून और नीतियाँ बनाते समय शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखना चाहिए।

(D) शांति और सुरक्षा बनाए रखने की जिम्मेदारी सिर्फ न्यायपालिका पर है।

**21** पुनर्जागरण के उत्तरार्ध में यूरोप के इतिहास में दो प्रमुख घटनाएँ हुई। पहला ________ धर्मसुधार थी और दूसरी ________ धर्मसुधार थी। (जिसे प्रति धर्मसुधार भी कहा जाता है।) **1×2**

(A) प्रोटेस्टेंट, कैथोलिक (B) लूथरन, जेसुइट

(C) कैल्विनिस्ट, पापल (D) प्रोटेस्टेंट, लूथरन

**22** सती प्रथा का प्रचलन था जिसमें एक ________ औरत को मजबूर किया जाता था कि वह अपने पति की ________ पर खुद को जला दें। **1×2**

(A) विधवा, चिता (B) विवाहित, ऑल्टर

(C) संतानहीन, नदी का किनारा (D) बुजुर्ग, वेदी

**23** रिक्त स्थान भरिए : **1×2**

पहला हिन्दू विधवा पुनर्विवाह अधिनियम _________ में _________ के अथक प्रयासों के कारण प्रस्तुत किया गया था।

**24** रिक्त स्थान भरिए : **1×2**

अमृतसर और लाहौर में दो सिंह _________ का गठन 1870 में किया गया जिससे सिखों के बीच में _________ सुधार आंदोलन की शुरुआत की गई।

**25** निम्नलिखित वाक्यों को पूरा कीजिए। **1×2**

(I) ईस्ट इंडिया कंपनी में भारतीय सैनिकों को _________ से ऊपर के पदों पर नहीं रखा जाता था।

(II) _________ पहला सैनिक या जिसने खुले रूप से अंग्रेजों के आदेशों का उल्लघंन किया था।

**26** निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक शब्द में दीजिए। **1×2**

(I) सतह के पानी का मुख्य रूप से नदियों के माध्यम से प्रवाह होता है। इस प्रणाली को किस नाम से जाना जाता है ?

(II) किसी भी पर्वतश्रेणी के सबसे ऊँचे बिन्दु को किस नाम से जाना जाता है ?

**27** निम्नलिखित वाक्यों को अर्थपूर्ण बनाने के लिए पूरा कीजिए। **1×2**

(I) दो पहाड़ियों के बीच का प्राकृतिक रास्ता _________ कहलाता है।

(II) पर्वतों, श्रेणियों और चोटियों से भरे बड़े भू–भाग को _________ कहते हैं।

**28** रिक्त स्थान भरिए – **1×2**

ट्रांस हिमालय श्रेणी में सिंधु नदी ________ और ________ श्रेणी के बीच से होकर बहती है।

(A) जस्कर, लद्दाख (B) अरावली, सतपुड़ा

(C) कराकोरम, विंध्या (D) नीलगिरी, पूर्वी घाट

**29** रिक्त स्थान भरिए : **1×2**

आज कंप्यूटर (सूचना प्रौद्योगिकी) ________ और ________ का आधार बन गया है क्योंकि इसका उपयोग घर, कार्यालय, हवाई अड्डे, बैंक आदि में हर जगह किया जाता है।

**30** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिये। **1×2**

(I) किसी राज्य के राज्यपाल को कौन नियुक्त करता है ?

(II) मुख्यमंत्री के परामर्श पर मंत्री परिषद के सदस्यों की नियुक्ति कौन करता है ?

**31** नीचे लिखे वाक्यों को पूरा कीजिए। **1×2**

(I) जम्मू–कश्मीर विधान परिषद में सदस्यों की संख्या _________ है।

(II) महाराष्ट्र राज्य में विद्यालयों में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जो बच्चे स्कूलों, परिवारों और समुदायों में सफाई और स्वच्छता के संबंध में जागरूकता ला रहे हैं उन्हें _________ कहा जाता है।

**32** नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखिए । **1×2**

(I) भारत के राष्ट्रपति के चुनाव में मतदान के लिए क्या तरीका अपनाया जाता है?

(II) राष्ट्रपति की अनुपस्थिति में उपराष्ट्रपति कितने समय तक राष्ट्रपति के रूप में कार्य कर सकता है?

**33** निम्न प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में दीजिए : **1×2**

(I) संविधान के उल्लंघन के लिए राष्ट्रपति को हटाने की प्रक्रिया को किस नाम से पुकारा जाता है?

(II) संघ सरकार की विधायी शाखा को किस नाम से जाना जाता है?

**34** निम्नलिखित वाक्यों को पूरा कीजिए : **1×2**

(I) सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश ________ वर्ष की आयु तक अपने पद पर बने रहते हैं।

(II) लोक सभा की अध्यक्षता ________ द्वारा की जाती है।

**35** रिक्त स्थान भरिए : **1×2**

सुरक्षा का तात्पर्य खतरनाक खतरों से _________ है तथा इसका सम्बन्ध उन खतरों से भी है जो मानवाधिकार जैसे मूलभूत मूल्यों को _________ करते हैं।

## खण्ड – ब

**36** जापान के इतिहास में 1868 के मीजी पुनर्संस्थापन के महत्व को स्पष्ट कीजिए। **1+1**

**37** ब्रिटिश शासन के दौरान नील उगाने वाले किसानों में बढ़ते असंतोष के किन्हीं दो कारणों की व्याख्या कीजिए। **2**

**अथवा**

वहाबी आंदोलन के नेता का नाम लिखिए और इस आंदोलन का महत्व स्पष्ट कीजिए।

**38** भारतीय संविधान के मौलिक अधिकारों के अध्याय में 'शिक्षा का अधिकार' को किस अनुच्छेद के अन्तर्गत शामिल किया गया और क्यों किया गया? कारण लिखिए। **2**

**अथवा**

शिक्षा का अधिकार अधिनियम किस वर्ष पारित किया गया और इस का भारत में बच्चों के लिए क्या प्राप्त करने का लक्ष्य था?

39 एक राजनीतिक दल सत्ता प्राप्त करने का लक्ष्य क्यों रखता है? स्पष्ट कीजिए। **2**

**अथवा**

भारत की दलीय व्यवस्था को बहुदलीय व्यवस्था क्यों कहा जाता है? स्पष्ट कीजिए।

40 भारत में अस्पृश्यता को एक दण्डनीय अपराध क्यों बनाया गया? स्पष्ट कीजिए। **2**

41 राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की स्थापना कब और क्यों की गई थी? **2**

42 पुनर्जागरण का शाब्दिक अर्थ क्या है और यह 14वीं शताब्दी में इटली में क्यों शुरू हुआ? **3**

**अथवा**

प्रति–सुधार क्या हैं? स्पष्ट कीजिए।

43 अंग्रेजों ने भारत पर अपना नियंत्रण मजबूत करने के लिए राजनीतिक शक्ति, व्यापार नीतियों तथा शिक्षा का उपयोग कैसे किया? विश्लेषण कीजिए। **3**

44 भारतीय मानसून को कौन–सी विशेषताएँ अनूठा बनाती हैं? किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। **3**

45 तमिलनाडु तट पर शीत ऋतु में वर्षा क्यों होती है जबकि भारत के अधिकांश भाग शुष्क रहते हैं? कोई दो कारण स्पष्ट कीजिए। **3**

**अथवा**

विभिन्न ऋतुओं के दौरान पवन प्रणाली किस प्रकार भारत की जलवायु को प्रभावित करती है? विश्लेषण कीजिए।

46 आर्थिक वृद्धि और आर्थिक विकास के बीच किन्हीं दो अन्तरों का विश्लेषण कीजिए। **3**

**अथवा**

ऐतिहासिक कारक, भौगोलिक परिस्थितियाँ और बुनियादी ढाँचे का अभाव भारत में क्षेत्रीय असमानताओं को कैसे प्रभावित करता है? इसका विश्लेषण कीजिए।

47 व्यक्ति, राष्ट्र और विश्व की प्रगति के लिए शांति और सुरक्षा क्यों आवश्यक हैं? कोई दो कारण स्पष्ट कीजिए। **3**


**48** भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा मानचित्र पर भारत में परिवहन सुविधाओं से संबंधित निम्नलिखित चार स्थानों को (A), (B), (C) और (D) के रूप में चिह्नित किया गया है। निम्नलिखित जानकारी की सहायता से इन स्थानों को पहचानिए और उनके सही नाम अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। **4**

(A) भारत के पूर्वी तट पर स्थित एक प्रमुख बंदरगाह।

(B) भारत का सबसे उत्तर में स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा।

(C) पूर्व–पश्चिम गलियारे का पश्चिमी छोर बिन्दु।

(D) एक शहर जहाँ उत्तर–दक्षिण और पूर्व–पश्चिम गलियारे परस्पर मिलते हैं।




**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 48 के स्थान पर हैं :**

भारत में परिवहन सुविधाओं से संबंधित निम्नलिखित चार स्थानों का सही नाम लिखिए। **4**

(A) भारत के पूर्वी तट पर स्थित एक प्रमुख बंदरगाह।

(B) भारत का सबसे उत्तर में स्थित अंतरर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा।

(C) पूर्व–पश्चिम गलियारे का पश्चिमी छोर बिन्दु।

(D) एक शहर जहाँ उत्तर–दक्षिण और पूर्व पश्चिम गलियारे परस्पर मिलते हैं।

**49** नीचे दिए गए भारत के रेखा मानचित्र पर निम्नलिखित को चिह्नित और नामांकित कीजिए – **4**

(A) मध्य हिमालय पर स्थित पर्यटन स्थल शिमला

(B) पश्चिम बंगाल में स्थित एक बंदरगाह।

(C) केम्पे गौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा।

(D) गिर पर्वत श्रेणी

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 49 के स्थान पर हैं :**

भारत की भौगोलिक स्थिति की उसके परिवेश के जल निकायों, पड़ोसी देशों और सुदूर दक्षिणी बिंदुओं के संदर्भ में व्याख्या कीजिए। **4**

**50** लॉर्ड कर्जन ने 1905 में बंगाल का विभाजन क्यों किया था? भारतीयों ने किस प्रकार इसका उत्तर दिया था और उनका उत्तर उस समय की राष्ट्रवाद की भावना के बारे में क्या स्पष्ट करता है? **2+2+2=6**

**अथवा**

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में राष्ट्रवादियों के उदय को एक महत्वपूर्ण मोड़ क्यों माना गया? अपना लक्ष्य प्राप्त करने के लिए उनके विश्वास और प्रयोग किए गए तरीकों की व्याख्या कीजिए।

**51** राष्ट्रपति की किन्हीं छः विधायी सम्बन्धी शक्तियों की व्याख्या कीजिए। **6**

**अथवा**


भारत के राष्ट्रपति के निर्वाचन के संदर्भ में 'निर्वाचक मण्डल' के अर्थ को स्पष्ट कीजिए। भारत का राष्ट्रपति निर्वाचित होने के लिए आवश्यक योग्यताओं का वर्णन कीजिए।''

---

अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |

प्रश्न सं. 49 के लिए रेखामानचित्र

भारत का रेखामानचित्र (राजनीतिक)



BLANK PAGE